**खबर संक्षेप**

### मेधावी बच्चों के लिए सम्मान समारोह 22 को

**रादौर।** हरियाणा वाल्मीकि महासभा की ओर से 22 जून को सुबह 10 बजे गांव नाहरपुर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 10वीं व 12वीं कक्षा के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। महासभा के जिला अध्यक्ष कर्मवीर पोटली ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्यातिथि के तौर पर भाग लेंगे। वह मौके पर मेधावी बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित करेंगे। उन्होंने सभी से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

### व्यक्ति पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप

**यमुनानगर।** ऑटो सवार एक महिला ने व्यक्ति पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस नाके पर जब इस बारे पुलिस को बताया तो आरोपी व्यक्ति ने पुलिस कर्मियों के साथ गाली गलौच की। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि वह रात आठ बजे शहर के विवेकानंद स्कूल के पास नाके पर ड्यूटी दे रहा था। इस दौरान उनके साथ हेड कांस्टेबल सुनील, चांद और सिपाही प्रदीप भी मौजूद थे। मुकेश ने बताया कि इस दौरान नाके पर एक ऑटो आकर रूका। ऑटो से महिला ने उतरकर बताया कि ऑटो में जो व्यक्ति बैठा है। वह उसके साथ अश्लील हरकतें कर रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कबाड़ी से छीने 15 हजार रुपये व मोबाइल, केस

**यमुनानगर।** जगाधरी के दशहरा ग्राउंड के पास बाइक सवार तीन युवकों ने कबाड़ी से 15 हजार रुपये व मोबाइल छीन लिया। घटना के समय कबाड़ी दशहरा ग्राउंड के पास फेरी लगाकर स्क्रैप इकट्ठी कर रहा था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। यूपी के जिला सहारनपुर के गांव आसरा निवासी महिपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मांडखेड़ी की टपरी में रह रहा है। वह कबाड़ी का काम करता है।

निगम हाउस की 12 जून को ग्रेपेलिकन में आयोजित बैठक में 56 प्रस्तावों पर होगी चर्चा

# डीएवी डेंटल कॉलेज के नजदीक 76 लाख रुपये से विकसित होगा पार्क

- करीब 99 लाख की लागत से शहीद भगत सिंह चौक से अग्रसेन चौक तक मेटल रोड का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा
- 12 जून को होटल में होने वाली निगम सदन की साधारण बैठक में दोनों विकास कार्यों को स्वीकृति दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर के वार्ड नंबर आठ के मॉडल टाउन में डीएवी डेंटल कॉलेज के नजदीक 76 लाख तीन हजार की लागत से पार्क विकसित किया जाएगा। इसके अलावा लगभग 99 लाख की लागत से शहीद भगत सिंह चौक से अग्रसेन चौक तक मेटल रोड का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। 12 जून को ग्रेपेलिकन होटल में होने वाली नगर निगम सदन की साधारण बैठक में दोनों विकास कार्यों को स्वीकृति दी जाएगी। बैठक में 56 प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे। उक्त जानकारी नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नगर निगम हाउस की बैठक में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व विशिष्ठ अतिथि के रुप में विधायक घनश्याम दास अरोड़ा भाग लेंगे। निगमायुक्त अखिल पिलानी व अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार की मौजूदगी में होने वाली बैठक में नगर निगम सदन की पहली बैठक में पास हुए विभिन्न प्रस्तावों पर भी चर्चा की जाएगी।


**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में निगम हाउस की बैठक के बारे में जानकारी देते हुए मेयर सुमन बहमनी।

#### हाउस की बैठक में ये आएंगे मुख्य प्रस्ताव

नगर निगम हाउस की 12 जून को होने वाली बैठक में जो मुख्य प्रस्ताव आएंगे उनमें नगर निगम क्षेत्र की लाल डोरा स्थित संपत्तियों के निवासियों को संपत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के नए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए पुरानी एजेंसी के टेंडर को आगामी दो माह बढ़ाने बारे, नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की निगरानी के लिए पार्षद की भागीदारी सुनिश्चित करने को कमेटियों का गठन करने बारे, नगर निगम के सभी वार्डों में बने सामुदायिक केंद्रों व पार्कों की देखरेख के लिए उन्हें वार्ड पार्षद व आरडब्ल्यूए को हैंडओवर करने बारे।

#### नगर निगम हाउस की बैठक में इन मुद्दों पर होगी चर्चा

वहीं, सीवर लाइन से जुड़े नालों में लोहे के जाल लगवाने बारे,नगर निगम क्षेत्र में जहां सीवरेज, पेयजल की सुविधा नहीं है वहां ये सुविधाएं उपलब्ध कराने बारे। नगर निगम की भूमि पर जहां अतिक्रमण व अवैध कब्जे है उन्हें हटवाकर तारबंदी कराने बारे। महापौर व पार्षद की अनुमति बिना नगर निगम अधिकारी व कर्मचारी की बदली न करने बारे। नगर निगम क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों के टेंडर के वर्क ऑर्डर की प्रतिलिपि महापौर व पार्षद को उपलब्ध कराने बारे। सरोजनी कॉलोनी में मुकंद लाल स्कूल के पास खाली पड़ी निगम की जगह में सामुदायिक केंद्र बनवाने बारे। नगर निगम के सभी वार्डों में बने जोहड़ व नालों की सफाई कराकर उनके किनारे पक्के कराने व पौधारोपण कराने बारे। निगम की खाली पड़ी जमीनों में सामुदायिक केंद्र, पार्क व बच्चों के खेलने के लिए मैदान बनाने बारे। पुराना हमीदा की वाल्मीकि बस्ती में सामुदायिक केंद्र व गढ़ी गुजरान में डॉ. भीम राव आंबेडकर भवन का निर्माण कराने बारे। रेलवे रोड पर महाराजा अग्रसेन चौक से शहीद भगत सिंह चौक तक सड़क के दोनों ओर सौंदर्यीकरण का कार्य कराने बारे। लाजपत नगर और विजय कॉलोनी के बीच से निकल रहे नाले की सफाई छोटी पोकलेन मशीन से कराने बारे। निगम के विभिन्न वार्डों में सड़कों, गलियों, नालियों व सामुदायिक केंद्रों का निर्माण कराने बारे। गांधीनगर से शिव नगर में जाने के लिए मार्ग पर ओवरब्रिज बनवाने बारे। वार्ड 20 की प्रहलादपुरी कॉलोनी में पेयजल के लिए पब्लिक हेल्थ का नलकूप लगवाने बारे व कॉलोनी में बांके बिहारी लाल के नाम से द्वार बनाने बारे आदि प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी।


**यमुनानगर।** निगम कार्यालय मे आयोजित बैठक में सफाई निरीक्षकों को दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त अखिल पिलानी। फोटो: हरिभूमि

निगमायुक्त ने सफाई अधिकारियों को दिए निर्देश

## सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए फील्ड में उतरकर करें निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर कार्यालय में मंगलवार को सफाई अधिकारियों व निरीक्षकों की बैठक का आयोजन कियागया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने की। उन्होंने बैठक में सफाई निरीक्षकों को रोजाना फील्ड में उतरकर सफाई कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त अखिल पिलानी ने सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वह फील्ड में जाएं और हाजिरी निरीक्षण के साथ सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों की हाजिरी जांचें। जो सफाई कर्मी हाजिरी लगाने के बाद सफाई कार्यों में न मिलें उन पर कार्रवाई करें। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लगे हर वाहन की निगरानी रखें। नालों की सफाई की निगरानी करें। ड्रोन द्वारा बनाई वीडियो में जहां गंदगी दिखाई दे रही है। उन स्थानों की सफाई कराएं। शहर को लावारिस पशुओं से मुक्त बनाने के लिए हर बेसहारा पशु को पकड़ गौशाला पहुंचाएं। उन्होंने मौके पर कुत्तों की नसबंदी पर भी चर्चा की। मौके पर निगमायुक्त अखिल पिलानी ने सभी सफाई निरीक्षकों को अपने अपने वार्ड में नालों की सफाई की सख्त मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। मौके पर उप निगम आयुक्त कुलदीप सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक अनिल नैन, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, मुख्य सफाई निरीक्षक विनोद बेनीवाल व दीपांशु आदि मौजूद रहे।

नपा व प्रशासन से की कस्बा में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग

## दुकानों के आगे अतिक्रमण करने से रादौरवासी परेशान

- अतिक्रमण के कारण रादौर के रावल चौक, कमेटी चौक, बुबका चौक व मेन बाजार में हर समय लगा रहता है जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर में दुकानों के आगे अतिक्रमण किए जाने से स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने नपा अधिकारियों से कस्बा में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की है। कस्बा निवासी राकेश, कुलदीप, सौरभ, संदीप कुमार, राजीव कुमार व सोनू आदि ने बताया कि रादौर के पुलिस स्टेशन के पास, बुबका रोड, गीता बाजार, मेन बाजार, अस्पताल रोड, बस स्टैंड रोड, बुबका चौक, कॉलेज रोड व अनाजमंडी रोड पर दुकानदारों ने दुकानों के आगे सड़क तक अतिक्रमण किया हुआ है। जिससे कस्बा में सड़क मार्ग तंग हो गए हैं। अतिक्रमण के कारण रादौर के रावल चौक, कमेटी चौक, बुबका चौक व मेन बाजार में हर समय जाम लगा रहता है। उन्होंने बताया आजकल इतनी भयानक गर्मी पड़ रही है जिससे हर कोई हलकान है। ऐसे में जाम में फंसकर लोगों को और भी बूरा हाल हो रहा है। उनका कहना है कि गर्मी की तपिश में जाम लगने से कई बार मोटरसाइकिलों व वाहनों में सवार महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग परेशान होते हैं। उन्होंने बताया कि पुराने समय में रादौर के मेन बाजार से बसे व ट्रक आसानी से गुजर जाया करते थे। मगर आज आलम यह है कि बाजार से पैदल गुजरना भी मुश्किल हो गया है। दुकानदारों ने दुकानों के आगे पक्के चबूतरे बना लिए हैं। वहीं बहुत से दुकानदारों ने पक्के चबुतरो तक अपनी दुकाने बढ़ाकर लोहे के शटर लगा दिए हैं। अतिक्रमण के कारण रादौर के सड़क मार्ग सिकुड़ते जा रहे हैं। उन्होंने नपा प्रशासन व जिला उपायुक्त से रादौर कस्बा में दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग की।


**यमुनानगर।** रादौर में दुकानों के आगे किया गया अतिक्रमण।

निगम जगाधरी कार्यालय में पहुंचकर अधीक्षक को थमाया आंदोलन करने का नोटिस

## नपा कर्मचारियों ने सरकार की वादा खिलाफी को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा (संबंधित सर्व कर्मचारी संघ) के जगाधरी जोन के सदस्यों ने मंगलवार को निगम कार्यालय जगाधरी के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। मौके पर उन्होंने निगम के अधीक्षक को मांगो को लेकर आंदोलन करने के लिए नोटिस सौंपा। मंगलवार सुबह नगर पालिका कर्मचारी संघ के जगाधरी जोन के सैंकड़ो कर्मचारी निगम कार्यालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व जगाधरी जोन के प्रधान मुकेश कुमार व सचिव प्रिंस ने किया। उन्होंने मौके काफी देर तक प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने निगम कार्यालय में मौजूद अधीक्षक को अपनी मांगो को लेकर आंदोलन करने के लिए नोटिस दिया। सरकार से उनकी मुख्य मांगे कच्चे कर्मचारियों को पक्का किए जाने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू किए जाने, ठेका प्रथा बंद किए जाने, ठेके पर लगे कर्मचारियों को पेरोल पर किए जाने, मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार 27 हजार रुपये वेतनमान किए जाने, एक्स ग्रेसिया पॉलिसी पूर्ण रूप से बहाल किए जाने, समान काम सामान वेतन के एरियर का भुगतान जल्द से जल्द दिए जाने आदि की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो वह नोटिस अनुसार जल्द ही कोई बड़ा आंदोलन करेंगे। मौके पर सोनू शर्मा, गौरव, संजीव ,राजन व प्रशांत आदि मौजूद रहे।


**यमुनानगर।** जगाधरी निगम कार्यालय में अधीक्षक को आंदोलन करने के लिए नोटिस सौंपते हुए नपा कर्मचारी।


**यमुनानगर।** मंगलवार को छबील लगाकर मीठे पानी से राहगिरों की प्यास बुझाते श्रद्धालु।

### मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाई

**यमुनानगर।** मौसम में गर्मी की तपिश बढ़ने पर मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा जिला में विभिन्न स्थानों पर छबीलें लगाकर मीठे पानी से लोगों की प्यास बुझाई। मौके पर कई स्थानों पर राहगीरों को छोले भी वितरित किए गए। मंगलवार सुबह से मौसम में उमस व तपिश बनने से लोग गर्मी से हलकान हो गए। इस दौरान शहर के मॉडल टाऊन, जगाधरी मार्ग, कन्हैया चौक मार्ग, कैंप व जगाधरी में विभिन्न स्थानों पर छबीलें लगाई गई। इस दौरान श्रद्धालु रविश कुमार, सतपाल, मोहन राणा, सुखपाल, महेंद्र व सतीश आदि ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से लगातार गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को धूप व गर्मी का प्रचंड रूप देखते हुए उन्होंने मीठे पानी की छबील लगाने का निर्णय लिया। आते जाते राहगीरों को पानी पिलाने में कृष्णा, चिराग, गुरदीप, रमन, सिद्धार्थ, तुषार, रूद्राक्ष, विशाल, ललित ने सहयोग दिया।

## नियमित योग करने से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य स्वस्थ रहता

- रेजिडेंस वैलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से जगाधरी के सेक्टर 15 में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला प्रशासन व आयुष विभाग द्वारा रेजिडेंस वैलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से जगाधरी के सेक्टर-15 में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार ने साधकों को योगाभ्यास करवाया। कार्यक्रम जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया के नेतृत्व में जिला योग समन्वयक डॉ. सुनील कुमार की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में प्लाई मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के चेयरमैन सतीश चौपाल ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया।

मुख्यातिथि सतीश चौपाल ने कहा कि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी के नेतृत्व में योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास हर सोसायटी, वार्ड, कॉलेज एवं पार्कों व संस्थाओं में करवाया जा रहा है। इस कार्य द्वारा सभी जनमानस को आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है जोकि एक बहुत ही सराहनीय कार्य है। मौके पर योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार ने साधकों को प्राणायाम समेत विभिन्न यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य स्वस्थ रहता है। उन्होंने साधकों को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर रंजना, सुशील, सुरेश चौपाल, धनीराम कांबोज व संजय कांबोज आदि मौजूद थे।


सेक्टर 15 में आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में योगाभ्यास करते हुए साधक।


**यमुनानगर।** उत्थान संस्थान में आयोजित समर कैंप में खाने की नई रेस्पी सीखते

### समर कैंप में दिव्यांग बच्चों ने सीखी खाने की नई रेस्पी तैयार करना

**यमुनानगर।** उत्थान संस्थान यमुनानगर में कोशिश इकाई के दिव्यांग बच्चों के लिए समर कैंप लगाया गया। जिसमें बच्चों ने बच्चों को योग, खेलकूद और वोकेशनल गतिविधियां सिखाई जा रही है। इस दौरान बच्चों ने खाने की नई रेस्पी भी सीखी। उत्थान संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर अंजू बाजपई ने बताया कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को उन्हें नए-नए कौशल सीखने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देना भी है। इस दौरान बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी शिक्षा भी दी जा रही है। संस्थान के प्रधानाचार्य रविंद्र मिश्रा ने कहा कि कैंप के माध्यम से पिछले एक सप्ताह में संस्थान में भल्ला द्वारा सभी बच्चो को गाय के गोबर से बनने वाली तमाम चीजें जैसे लक्ष्मी गणेश, श्री स्वास्तिक तथा दिए बनाने सिखाए जा रहे है। साथ ही गाय के गोबर के बने इन तमाम चीजों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जा रहा है।


तारुवाला की बीसी चौपाल में नवनिर्मित हाल का उद्घाटन करते हुए भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी।

### बीसी चौपाल तारुवाला में बनाए गए हाल का मिलेगा ग्रामीणों को लाभ: चौधरी

**यमुनानगर।** हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल द्वारा गांव तारुवाला की बीसी चौपाल में हॉल बनाने के लिए मंजूर किए गए 18 लाख रुपये की लागत से बने भवन का मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी ने उद्घाटन किया। मौके पर ग्रामीणों ने भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल द्वारा मंजूर किए गए पैसे तारुवाला की बीसी चौपाल में हाल बनकर तैयार हो चुका है। इस हाल के बनने से गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। वह अपने समारोह आदि कर सकेंगे। मौके पर समाजसेवी पृथ्वी सिंह सैनी व समाजसेवी प्रदीप सैनी ने बताया की इस हाल के निर्माण कार्य में लगभग 18 लाख रूपये की राशि खर्च हुई है जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल का अभूतपूर्व सहयोग व समर्थन रहा है। मौके पर रामपाल सैनी,चुहड सिंह, गुरचरण सिंह,भूपेंद्र सिंह,मंडल महामंत्री जगदीश धीमान, अनिल सैनी व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

**जानकारी** डीसी ने जिले के सभी बीपीएल व एएवाई श्रेणी के कार्ड धारकों को किया आहवान

## बीपीएल व एएवाई कार्ड धारक राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का 30 जून तक करें ईकेवाईसी

- अपडेट वेरिफिकेशन का कार्य कार्ड धारक स्वयं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से फेशियल ईकेवाईसी द्वारा किया जाना है
- कार्ड धारकों को वर्तमान व भविष्य में पीडीएस से संबन्धित मिल रही सुविधाओं और योजनाओं का लाभ मिल सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

निदेशक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार 30 जून तक जिला के प्रत्येक बीपीएल व एएवाई राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का ईकेवाईसी (अपडेट वेरिफिकेशन) का कार्य पूर्ण किया जाना है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला के सभी बीपीएल व एएवाई श्रेणी के कार्ड धारकों को राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का ईकेवाईसी करने के लिए आहवान किया है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि अपडेट वेरिफिकेशन का कार्य कार्ड धारक द्वारा स्वयं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से फेशियल ईकेवाईसी द्वारा किया जाना है। इस कार्य के लिए अब कार्ड धारक को राशन डिपो पर जाने की आवश्यकता नहीं है। मौके पर जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक जतिन मित्तल ने बताया कि बीपीएल व एएवाई राशन कार्ड धारक अपने मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर से ईकेवाईसी मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करें। इसके बाद ईकेवाईसी पर क्लिक करें। कार्ड धारक को इस ऐप में हरियाणा राज्य का चुनाव करके राशन कार्ड में दर्ज आधार नंबर दर्ज करना होगा। कार्ड धारक को ओटीपी प्राप्त करने के लिए अपने सदस्य के आधार कार्ड में दर्ज मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजना होगा। जिसके बाद प्राप्त ओटीपी डालकर व कैपचा कोड फोलो करते हुए सबमिट बटन पर क्लिक करना होगा। जिससे कार्ड धारक की डिटेल स्क्रीन पर दिखाई देगी। इसके बाद कार्ड धारक को अपने चेहरे पर फोकस करते हुए अपनी आंख को झपकना होगा। सफलतापूर्वक डाटा कैप्चर होने पर ईकेवाईसी प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी तथा डाटा अग्रिम कार्यवाही हेतु भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला के सभी बीपीएल व एएवाई कार्ड धारकों को ईकेवाईसी मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अपना ईकेवाईसी का कार्य 30 जून से पूर्व ही पूर्ण करना होगा । ताकि कार्ड धारकों को वर्तमान व भविष्य में पीडीएस से सम्बन्धित मिल रही सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिल सके।


**यमुनानगर।** अपने कार्यालय में बीपीएल व एएवाई राशन कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों का ईकेवाईसी करने की जानकारी देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला का जाट नगर में किया ग्रामीणों ने स्वागत

## प्रदेश में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाए सरकार: चौटाला

सिरसा में होने वाली रैली में करीब 50 से 60 हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

पूर्व बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश में बढ़ रहे अपराधों पर सरकार को अंकुश लगाना चाहिए। ताकि आम आदमी सुख और आराम से रह सके। उन्होंने उक्त शब्द रादौर के जाट नगर में कहे। जाट नगर में पहुंचे पर पूर्व बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला का केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल समेत अन्य ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया।

पूर्व बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश में बढ़ रहे अपराध चिंता का विषय है। प्रदेश सरकार को चाहिए कि इन बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाए। ताकि सभी लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं की कुरुक्षेत्र में एक बैठक बुलाएंगे। जिसमें वह भविष्य की रणनीति तय करेंगे। इसके बाद वह सिरसा में एक रैली का आयोजन करके अपनी रणनीति की घोषणा करेंगे। उन्होंने दावा जताया कि सिरसा में आयोजित होने वाली रैली में करीब 50 से 60 हजार उनके समर्थक व कार्यकर्ता भाग लेंगे। मौके पर ब्लॉक समिति के चेयरमैन विपिन कांबोज, मनमोहन सिंह औजला, मुकेश अरोड़ा मक्की, भारत माटिया, रोहित अरोड़ा, रणबीर सिंह, बलराम सैनी व बबलू सैनी आदि मौजूद रहे।


**यमुनानगर।** रादौर स्थित जाट नगर में पूर्व बिजली मंत्री चौधरी रणजीत सिंह चौटाला का स्वागत करते उनके समर्थक व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### महिला सफाई कर्मियों को दिए स्वस्थ रहने के टिप्स

**थानेसर।** राशि स्वयं सहायता समूह की प्रधान पूनम देवी ने कहा कि सरकार के दिशा-निदेर्शानुसार चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद थानेसर की तरफ से नारी की भागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर परिषद कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राशि स्वयं सहायता समूह की प्रधान पूनम देवी ने महिला सफाई कर्मचारियों को सफाई के प्रति जागरूकता करते हुए कहा कि सफाई का काम एक महत्वपूर्ण कार्य है, लेकिन उतना ही जरुरी सफाई कर्मचारियों की सेहत की ख्याल भी रखना जरुरी है।

### श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज से

**कुरुक्षेत्र।** गौ गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज से शांति एन्क्लेव में होगा। कथा आयोजक महावीर मंढाण ने बताया कि शांति एन्क्लेव के पार्क में 11 जून से 18 जून तक प्रतिदिन 5 से 7 बजे तक प्रसिद्ध कथावाचक भागवत प्रवक्ता वेदाचार्य अनिल शास्त्री श्रीमद्भागवत कथा का भक्ति से परिपूर्ण हर्ष उलास के साथ कथा का रसपान कराएगें। शांति देवी मंढाण ने बताया कि महिला मंडल द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी।

### केयू न्यूज लेटर के तृतीय अंक का हुआ विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर दिनेश कुमार ने मंगलवार को केयू जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा संचालित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू न्यूज लेटर के तृतीय अंक का विमोचन किया। इस अवसर पर प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि केयू न्यूज लेटर विश्वविद्यालय की तमाम एकेडमिक सूचनाओं को आगे बढ़ाने का आंतरिक माध्यम है उसमे विभागों एवं संस्थानों मे आपसी गतिविधियों की सूचना मिलती हैं और एक बेहतर सामजस्य स्थापित होता है।

### बंदियों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 12 जुलाई 2025 को होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में जागरूक करने के लिए कोर्ट परिसर में हैल्प डेस्क लगाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि डीएलएसए के पीएलवीज द्वारा लोगों को पैंपलेटस देकर लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

## परियोजना को नवंबर माह तक किया जाएगा पूरा : सुधा

# 350 करोड रुपये की लागत से बनेगा एलिवेटेड रेल ट्रैक

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रोजैक्ट को लेकर की बातचीत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र में निमार्णाधीन एलिवेटेड रेल ट्रैक परियोजना का निर्माण कार्य नवंबर माह तक पूरा किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट पर केन्द्र और राज्य सरकार की तरफ से लगभग 350 करोड रुपए का खर्च आएगा। अहम पहलू यह है कि इस परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवंबर माह में कर सकते है। इस परियोजना को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सेक्टर 7 आवास कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कहा कि रेलवे एलिवेटेड ट्रैक उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट को लेकर लंबा संघर्ष किया और शहर में थर्ड गेट और झांसा रोड पर बनने वाले आरओबी और कई जगहों पर अंडर पास को रूकवाकर शहर के 5 रेलवे फाटकों से निजात देने के लिए रेलवे एलिवेटेड ट्रैक की एक परियोजना तैयार की। इस परियोजना को तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के समक्ष रखा। उन्होंने इस प्रोजेक्ट पर अपनी सहमति व्यक्त की और बकायदा इस परियोजना का छोटे रेलवे स्टेशन पर शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों और अन्य प्रशासनिक विषयों के कारण रेलवे एलिवेटेड ट्रैक परियोजना निर्धारित समय अवधि में पूरी नहीं हो पाई और अब पुराने रेलवे स्टेशन पर भी एक भव्य रेलवे स्टेशन बनाने के विषय को जोड़ा गया है। इस प्रोजैक्ट को लेकर रेलवे के अधिकारियों ने जानकारी भी दी है कि इस प्रोजैक्ट को पूरा करने में लगभग 350 करोड रुपए का बजट खर्च हो जाएगा। इस ट्रैक पर ट्रायल रन सहित अन्य तकनीकी विषयों की औपचारिकताओं को भी पूरा कर लिया गया है। इस प्रोजेक्ट के उदघाटन को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अभी हाल में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत की है। उन्होंने कहा कि नवंबर माह में जब यह परियोजना पूरी हो जाएगी और स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस प्रोजैक्ट का उदघाटन करेंगे तो शहर के लाखों नागरिकों को 5 रेलवे फाटकों से निजात मिल जाएगी और रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिलेगा। इसके साथ ही एलिवेटेड ट्रैक के नीचे खाली पडी जमीन का उपयोग किया जाएगा और सौन्द्रर्यकरण का कार्य भी किया जाएगा। इस परियोजना को पूरा होने का इंतजार शहर के लोगों को बेसब्री से है।



**कुरुक्षेत्र।** आवास कार्यालय पर लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

## नशे जैसी कुरीतियों से बचने के लिए खेलों पर रखना चाहिए फोकस : नरेश कुमार

- एसएचओ सिटी इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने हॉकी मैच का किया उद्घाटन, प्रदर्शनी मैच में स्टेट इलेवन ने जीती प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



शहर थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने कहा कि युवाओं को नशे जैसे कुरीतियों से बचने के लिए खेलों पर विशेष फोकस रखना चाहिए। इस जिले में जब प्रत्येक युवा खेलों, सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ जुड़ेगा तो निश्चित ही समाज का एक आदर्श नागरिक बनेगा। जब युवा अच्छा नागरिक बनेगा तो निश्चित ही देश व प्रदेश तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा। शहर थाना अध्यक्ष नरेश कुमार नशा मुक्त कुरुक्षेत्र बनाने के अभियान के तहत खेल विभाग, साई व पुलिस विभाग के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले एसएचओ सिटी नरेश कुमार, साई के सेवानिवृत चीफ कोच गुरविन्द्र सिंह, हॉकी कोच सोहन लाल, साई के हॉकी कोच साहिल, सब इंस्पेक्टर राजकुमार ने साई इलेवन और स्टेट इलेवन के प्रदर्शनी मैच का विधिवत रूप से शुभारंभ किया और खिलाड़ियों से परिचय करने के उपरांत एक समूह चित्र भी करवाया। इस प्रदर्शनी मैच में स्टेट इलेवन की टीम विजेता रही। इस प्रकार के कार्यक्रमों से जहां खिलाड़ियों को खेल का मंच मिलता है वहीं नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने की प्रेरणा भी मिलती है। खेल विभाग कुरुक्षेत्र के हॉकी कोच सोहन लाल ने मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से हॉकी का यह प्रदर्शनी मैच खेला गया और इसमें स्टेट इलेवन की टीम विजेता रही।

### बोर्ड चेयरमैन से मिला फेडरेशन आफ प्राइवेट स्कूल का शिष्टमंडल



**कुरुक्षेत्र।** मंगलवार को फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल शाखा कुरुक्षेत्र की ओर से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर पवन शर्मा से एक शिष्टाचार भेंट की गई। भेंट में शिष्टमंडल के अध्यक्ष थानेसर ब्लॉक प्रेसिडेंट विनोद भारद्वाज ने बोर्ड चेयरमैन पवन शर्मा को विद्यालयों को बोर्ड से संबंधित विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इस पर बोर्ड चेयरमैन डॉक्टर पवन शर्मा ने समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए आश्वस्त किया और समस्याओं को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के डायरेक्टर्स की आगामी बोर्ड मीटिंग में रखने का आश्वासन दिया। विनोद भारद्वाज ने बताया कि इस भेंट से शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन की नई उम्मीदें जगी हैं। मीटिंग में ब्लॉक प्रधान विनोद भारद्वाज के साथ सरजंत सैनी, आशुतोष गौड़, अनिल कुलश्रेष्ठ, यशपाल वधवा एवं अनिल मदान आदि उपस्थित रहे।

## प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

- सतयुग संगीत कला केंद्र के 10 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

सतयुग संगीत कला केंद्र शीला नगर में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। प्रतिभागियों सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को उभारना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। समर कैंप में विद्यार्थियों को गिटार, कोंगो, वेस्टर्न डांस, सेमी क्लासिकल डांस, जुंबा सिखाए गए। कैंप में बच्चों ने गुणात्मक व कलात्मक विकास के लिए गतिविधियों में भाग लेकर अपने ज्ञान में बढ़ोतरी की। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने कैंप में सीखी हुई विभिन्न प्रतिभाओं को प्रस्तुत किया। केंद्र के शिक्षक अमरजीत, मोहित एवं अतिथि शिक्षकों लिपिका और नितेश ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। संगीत कला केंद्र की प्रिंसीपल अनु ललित ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस कैंप के माध्यम से बच्चों ने 10 दिन में जो सीखा उसका आगे भी वह बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे। प्रिंसिपल अनु ललित ने बताया कि समर कैंप में बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार एक्टिवीटिज में प्रशिक्षण दिया गया। अनु ललित ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा के साथ ही खेल व अन्य गतिविधियां बच्चों के लिए बेहद जरूरी है। बच्चों में अच्छे गुणों और संस्कारों का बीज बोने का यह सही समय है।



**कुरुक्षेत्र।** प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देते आयोजक।

### कुवि के चार गैर-शिक्षक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई पार्टी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मंगलवार को चार गैर-शिक्षक कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कर्मचारी शैक्षणिक संस्थान की मजबूत नींव होती है जो संस्थान के उत्थान एवं विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने सेवानिवृत्त होने वाले गैर-शिक्षक कर्मचारियों से औपचारिक बातचीत करते हुए अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने अपने विचार व अनुभव साझा किए तथा इस विदाई पार्टी के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार प्रकट किया।

## 'मेरे घर के सामने साईं तेरा मंदिर बन जाए' आदि भजनों पर थिरके श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

- धूमधाम से मनाया साईं बाबा की मूर्ति का वार्षिक स्थापना दिवस

श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली के पीठाधीश और मां दुर्गा चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य व वास्तु महर्षि डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि साईं बाबा की मूर्ति स्थापना 9 जून 2011 को हुई थी क इसलिए साईं बाबा की मूर्ति स्थापना का 14 वॉ वार्षिक महोत्सव 9 जून 2025 को भक्ति भावना से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस उपलक्ष्य में सोमवार को प्रातः 10 बजे यज्ञ ,आरती और भक्तों में प्रसाद वितरण का कार्यक्रम श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली के प्रांगण में आयोजित हुआ। सायंकाल 4 बजे से आयोजित साईं संध्या में कुरुक्षेत्र के सुप्रसिद्ध गायक बब्बू चावला और ग्रुप ने साईं बाबा की भेंटे शिरड़ी वाले साईं बाबा , मेरे घर के सामने साईं तेरा मंदिर बन जाए, आदि गाई और भक्तों ने साईं रंग में उमंग उत्साह से रास नृत्य किया।इस शुभ अवसर पर नगर परिषद पार्षद पंकज खन्ना, नरेश बंसल फौजी, भक्त सुशील तलवाड़, सुमित गुप्ता, अनिल गोयल, अंकित बंसल, सन्नी बंसल, योगेश आदि मौजूद रहे।





### हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने किया महिला थाने का औचक निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों मीना व मांगे राम द्वारा कुरुक्षेत्र महिला थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला थाना में लगभग पिछले 6 माह का पोक्सो एक्ट मुकदमों का ब्यौरा लिया गया व महिला थाना में चाइल्ड फ्रेंडली रूम न होने पर तुरंत प्रभाव से चाइल्ड फ्रेंडली रूम बनवाने बारे निर्देश दिए। उन्होंने महिला थाना में जिला बाल विवाह एवं निषेध अधिकारी के कार्यालय में बाल विवाह केसों के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा निरीक्षण के दौरान महिला थाना व जिला बाल विवाह एवं निषेध अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर इन्दु शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलबीर कौर, एस.एच.ओ. महिला थाना सविता राणा, जिला बाल विवाह एवं निषेध अधिकारी व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## कुरुक्षेत्र के हर गांव के लिए योग गुरु तैयार करेगा पतंजलि योगपीठ : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

- पतंजलि योगपीठ की तरफ से कुरुक्षेत्र के 400 गांवों से 3-3 लोगों का चयन किया जाएगा

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के केन्द्रीय प्रभारी राकेश ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को योग गुरुओं की पावन धरा के रूप में पहचान दिलाई जाएगी। इसके लिए कुरुक्षेत्र के हर गांव से योग गुरुओं को तैयार किया जाएगा। इन योग गुरुओं को तैयार करने का जिम्मा पतंजलि योगपीठ हरिद्वार ने लिया है। इस पीठ द्वारा हरिद्वार पतंजलि योगपीठ में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। पतंजलि योगपीठ के केन्द्रीय प्रभारी राकेश ने बातचीत करते हुए कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर योग गुरु स्वामी रामदेव के आदेशानुसार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में योग के क्षेत्र में कार्य करने का मौका मिला। इस धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में 21 जून 2025 को योग के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा जाएगा। इस नए अध्याय के तहत कुरुक्षेत्र में एक साथ एक लाख लोग योग करेंगे। इस जिले में योग की धारा निरंतर बहती रहे। इसके प्रयास प्रशासन के सहयोग से पतंजलि योगपीठ द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ की तरफ से कुरुक्षेत्र के 400 गांवों से 3-3 लोगों का चयन किया जाएगा। इन लोगों को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की तरफ से 5 दिन का प्रशिक्षण हरिद्वार में दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा और प्रशिक्षण शिविर के दौरान तमाम सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। जब हर गांव में 3 योग गुरु तैयार होंगे तो निश्चित ही कुरुक्षेत्र योग गुरुओं के रूप में एक नई पहचान बनाएगा। यह योग गुरु आने वाली भावी पीढ़ी को योग के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे। इससे भावी पीढ़ी स्वस्थ रहेगी और स्वस्थ रहकर देश व प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे।



## सकारात्मक सोच के साथ परिश्रम से जीवन में आगे बढ़ना चाहिए : सूबे प्रताप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में राज्यपाल आचार्य देवव्रत की प्रेरणा से लगाये गये आर्यवीर दल योग एवं जीवन निर्माण शिविर में युवाओं को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ भारतीय संस्कारों का भी ज्ञान दिया जा रहा है। शिविर संयोजक महाशय जयपाल आर्य ने बताया कि गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग की अध्यक्षता में चल रहे इस शिविर में कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, जींद, पानीपत आदि जिलों के विभिन्न गांवों से 500 से अधिक युवा शामिल हुए हैं जिन्हें प्रशिक्षण प्रमुख संजीव आर्य के मार्गदर्शन में वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक संदीप वैदिक, आचार्य राजकुमार, महावीर आर्य, आर्यमित्र के साथ कई सहयोगी शिक्षक योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, चन्द्र नमस्कार, डम्बल, लेजियम, जूड़ो-कराटे और लाठी चलाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं। विशेष सत्र में गुरुकुल के प्राचार्य सूबे प्रताप ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास को कैसे बेहतर बनाएं, इस पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वयं को कभी भी किसी से कमजोर या दीन-हीन नहीं समझना चाहिए बल्कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ सच्ची लगन और परिश्रम से जीवन में आगे बढ़ना चाहिए, तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाएंगे।



प्राचार्य सूबे प्रताप।



### डॉ. अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के नवनियुक्त वाइस चांसलर का किया सम्मान

**कुरुक्षेत्र।** डॉ. अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी सोनीपत के नवनियुक्त वाइस चांसलर प्रोफेसर देवेंद्र सिंह का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर जिमखाना क्लब में समाज के बुद्धजिवियों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रोफेसर अमृत, प्रोफेसर नरेश, राम पाल, सतीश गागट, एडवोकेट विक्की मचल, डॉ राजबीर कौल, मनोज कुमार, राजेन्द्र, गगनदीप, विक्रम व डॉ हरिकृष्ण विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रो. देवेंद्र सिंह का बुद्धिजियों द्वारा बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर का चित्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. देवेंद्र सिंह ने कहा कि जिस भरोसे और विश्वास के साथ मुझे कुलपति के रूप में सरकार द्वारा नियुक्त किया गया है, उस विश्वास को बनाए रखते हुए और बाबा साहब के सपनों को साकार करते हुए निश्चित तौर पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को नई ऊंचाईयों पर लेकर जाएंगे। इसके साथ उन्होंने समाज के प्रबुद्ध वर्ग का सम्मान समारोह के लिए आभार प्रकट किया।

**कार्यक्रम** | प्रकाश पर्व समागम के दौरान श्रीअखंड पाठ साहिब की तीसरी श्रृंखला प्रारंभ

# प्रकाश पर्व पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से आज सजाया जाएगा महान नगर कीर्तन

**संगत के लिए निशुल्क टैस्ट एवं दवाइयां वितरित करने के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

धन-धन साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के पवित्र चरण छोह प्राप्त ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से प्रकाश पर्व पर महान नगर कीर्तन बुधवार को सजाया जाएगा। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की छत्रछाया एवं पंज प्यारों की अगुवाई में यह नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर रेलवे रोड, कुटिया वाली गली, लाल सड़क, थानेसर बस स्टैंड, सीकरी चौंक, बिड़ला मंदिर से होते हुए देर सायं गुरुद्वारा साहिब में संपन्न होगा। समागम के पांचवे दिन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के श्री अखंड पाठ साहिब जी की दूसरी श्रृंखला संपन्न होने के तत्पश्चात तीसरी व अंतिम श्रृंखला आरंभ हुई। इस दौरान भारी गिनती में संगत ने शीश नवा कर गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया। आज समागम के दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के कार्यकारिणी समिति मैंबर कुलदीप सिंह मुल्तानी, मैंबर इंदरजीत सिंह, बीबी करतार कौर, हरमनप्रीत सिंह बुट्टर, पूर्व कनिष्ठ उपप्रधान बीबी रविंदर कौर अजराना, पूर्व प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, डीएसपी गुरमेल सिंह, नरेंद्र सिंह गिल, धर्म प्रचार सचिव सरबजीत सिंह जम्मू, एडिशनल सैकेटरी एवं कार्यालय पीए सतपाल सिंह डाचर, एडिशनल सैकेटरी राजपाल सिंह दुनिया माजरा, अस्सिटैंट सैकेटरी एवं प्रकाश पर्व समागम प्रबंधक अमरिंदर सिंह धंतौड़ी, रूपिंदर सिंह, गुरुद्वारा निरीक्षण शाखा प्रभारी जज सिंह, मैनेजर हरमीत सिंह, धर्म प्रचार प्रभारी गुरपेज सिंह व अमीर सिंह ने विशेष रूप से शीश नवाया। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब के कथावाचक भाई गुरदास सिंह ने गुरु चरणों में अरदास की। इसके अलावा भीष्म गर्मी को देखते हुए संगत द्वारा ठंडे पानी एवं जलजीरे की छबील भी लगाई गई, जबकि लंगर में संगत के सहयोग से अलग-अलग पकवान बनाए गए। दूसरी ओर मॉडर्न पैथ लैब द्वारा भी समागम में आने वाली संगत के लिए निशुल्क टैस्ट एवं दवाईयां वितरित करने के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इस शिविर में प्रतिदिन सैंकड़ों मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें दवाईयां भी वितरित की जा रही हैं।



**कुरुक्षेत्र।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में दस्तार सजाने के गुर सिखाते कोच व सहयोगी।

### प्रतिदिन सुंदर दस्तार सजाओ प्रतियोगिता के विजेताओं को किया जा रहा पुरस्कृत

इसी दौरान बच्चों व युवाओं को दस्तार सजाने के गुर भी सिखाए जा रहे हैं। यह सेवा दस्तार कोच सिमरनजीत सिंह अपनी टीम के साथ मिल कर रहे हैं। वे बच्चों एवं युवाओं को दस्तार के महत्व एवं इतिहास की जानकारी दे रहे हैं और उन्हें दस्तार सजाने के गुर सिखाने के साथ-साथ दस्तार सजाने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समागम के पहले दिन से दस्तार मुकाबले करवाए जा रहे हैं। विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए पहले स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 1100 रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाले 700 तथा तीसरे स्थान पर रहने वाले प्रतिभागी को 500 रुपये बतौर पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

